राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस0यू0एल0एम0) उ0प्र0
(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)
प्रथम तल,पर्यटन भवन,विपिन खण्ड,गोमती नगर, लखनऊ 226010
दूरभाष एवं फैक्स: 0522–2307798 e-mail:nulmup@gmail.com website:www.sudaup.org

पत्रांक– 924/241/NULM/तीन/2001(SM&ID)-II दिनांक– 7-12-16

सेवा में,

1. समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
   जिला नगरीय विकास अभिकरण,
   उ0प्र0।
2. समस्त सिटी प्रोजेक्ट आफिसर/परियोजना निदेशक,
   शहर मिशन प्रबन्धन इकाई, डूडा उ0प्र0।

विषय : दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के घटक सामाजिक गतिशीलता एवं संस्थागत विकास के अन्तर्गत प्रगति के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि सी0एम0एम0यू0, डूडा से प्राप्त सूचनाओं के अनुसार वर्तमान समय में स्वयं सहायता समूहों के बैंकों में खाता खुलने की प्रक्रिया में इस समय चल रही बैकिंग समस्याओं के दृष्टिगत कतिपय शहरों में कुछ समय के लिए समस्याएं आ रही हैं, जिसके दृष्टिगत इस घटक में अन्य गतिविधियों पर विशेष बल देते हुए कार्य किया जाये।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में बैंकों मे चल रही समस्याओं के दृष्टिंगत यह आवश्यक है कि सन्दर्भ संस्थाओं/सामुदायिक आयोजकों द्वारा एस0एच0जी0 गठन का कार्य कतई रोका न जाये। बल्कि क्षेत्र में युद्ध स्तर पर तेजी से कार्य किया जाय। एस0एच0जी0 गठन का कार्य लक्ष्य पूर्ति हेतु तेजी से कराया जाये, पंच सूत्र का शत प्रतिशत अनुपालन करते हुए नियमित साप्ताहिक बैठकें, बचत तथा उपलब्ध बचत से आन्तरिक ऋण का लेन–देन नियमित रूप से सभी गठित एवं गठन होने वाले एस0एच0जी0 से कराया जाये, बुक कीपर्स को चिन्हित कर प्रशिक्षित कर अभिलेखीकरण कराया जाये। ए0एल0एफ0 एवं सी0एल0एफ0 के गठन में तेजी लाते हुए गठन कराकर पंजीकरण कराया जाये। एस0एच0जी0 के सभी सदस्यों को प्रशिक्षित किया जाये तथा सी0एम0एम0यू0, डूडा स्तर पर सभी एस0एच0जी0 के एस0एच0जी0 वार बचत, आन्तरिक ऋण, ऋण वापसी आदि सूचनाओं को अपडेट किया जाये। एम0पी0आर0 में प्रगति केवल बैंको में खाता खुले एस0एच0जी0 ही रिर्पोट किये जायेंगे। उक्त के साथ ही अलग से एक पृष्ठ पर एम0पी0आर0 के साथ कुल गठित एस0एच0जी0 की संख्या नवम्बर माह में गठित एस0एच0जी0 की संख्या, कुल बचत, ऋण, ऋण वापसी की धनराशि का विवरण अलग से निम्नानुसार तैयार कर प्रेषित किया जायेगा :

1. कुल गठित एस0एच0जी0 की संख्या माह नवम्बर तक....................
2. कुल गठित एवं बैंको में खुले खाते वाले एस0एच0जी0 की संख्या...............
3. कुल गठित एवं बैंको में खाता खुले एस0एच0जी0 की बचत धनराशि रू0..........
4. कुल गठित एस0एच0जी0 की बचत धनराशि रू0..................
5. कुल धनराशि जो आन्तिरिक ऋण हेतु दी गयी..................
6. आन्तरिक ऋण की नवम्बर माह तक वापसी की धनराशि रू0..................
7. आन्तरिक ऋण की वास्तविक वापसी की धनराशि रू0........................
8. वापसी दर ....
9. प्रशिक्षित एस0एच0जी0 की संख्या.............................
10. प्रशिक्षित एस0एच0जी0 सदस्यों की संख्या............................

अतः आपसे अनुरोध है कि इस घटक में लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु उपरोक्तानुसार संदर्भ संस्थाओं एवं सी0एम0एम0यू0, डूडा को तेजी से कार्य हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक

पत्रांक एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. समस्त परियोजना अधिकारी / सिटी मिशन मैनेजर, सामाजिक विकास एवं अवस्थापना, सी0एम0एम0यू0 डूडा, उ0प्र0।
2. समस्त इम्पैनल्ड / कार्यरत संदर्भ संस्थाएं (सी0डी0एस0 आर0ओ0 सहित)।
3. सहायक वेब मास्टर सूडा को सूडा की वेबसाइट पर अपलोड हेतु।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक